वस्तुओं के निर्यात में गिरावट

112. **श्री राघवजी :** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान किन-किन वस्तुओं के निर्यात में मात्रात्मक दृष्टि से गिरावट आई है ;

(ख) वर्ष 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के दौरान ऊपर उल्लिखित वस्तुओं की कितनी-कितनी मात्रा का निर्यात किया गया ;

(ग) निर्यातों में गिरावट आने के क्या कारण हैं; और

(घ) निर्यातों में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान जिन निर्यात मदों के निर्यात में मात्रात्मक रूप में गिरावट आई और वर्ष 1989-90, 1990-91 तथा अप्रैल-जनवरी, 1991-92 के दौरान उनकी निर्यात की गई मात्रा निम्नलिखित है :--

मदें	1989-90	1990-91	1991-92 अप्रैल-जनवरी
1. चाय (000 टन)	211.4	199.1	175.1
2. लौह अयस्क (मिलियन टन)	35.6	32.5	23.4

(ग) चाय के निर्यात की मात्रा में जिन कारणों से गिरावट आई है उनमें शामिल हैं घरेलू खपत में वृद्धि और श्री लंका तथा केनिया की अधिक सस्ती चाय में प्रतिस्पर्धा। लौह अयस्क के बारे में गिरावट के लिए उत्तरदायी कारणों में शामिल है रोमानिया और जापान द्वारा कम उठान और विश्व में अपरिष्कृत इस्पात उत्पादन में गिरावट।

(घ) सरकार ने सन् 2000 ई० तक चाय का उत्पादन 1 बिलियन कि०ग्रा० प्रति वर्ष तक बढ़ाने के लिए एक कार्य नीति तैयार की है, जिससे प्रति वर्ष 270 मिलियन कि०ग्रा० निर्यात योग्य बेशी उत्पादन की आशा है, यह वर्तमान स्तर से अधिक है। सरकार ने चुनिन्दा देशों में एक एकल-राष्ट्रीय संवर्धनात्मक अभियान तथा दार्जिलिंग चाय और असम चाय के लिए विशेष संवर्धनात्मक अभियान भी चला रखा है। लौह अयस्क के बारे में सरकार लौह अयस्क के निर्यात इकाई वसूली मूल्य में महत्वपूर्ण सुधार करने में सफल रही है। किराया और पत्तन प्रभारों में वृद्धि न्यूनतम रखने के लिए भी संबंधित एजेंसियों से सम्पर्क किया गया है ताकि लाभ सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त, जुलाई, 1991 से व्यापार नीति में तथा 31 मार्च, 1992 को घोषित नई आयात-निर्यात नीति में शुरू किए गए दूरगामी सुधारों तथा रुपए की आंशिक रूप से परिवर्तनीयता जैसी अन्य पहलुओं से भारतीय निर्यात में और वृद्धि होने की आशा है।

Export of commercial vehicles and passenger cars

113. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government propose to export commercial vehicles and passengers cars in view of their falling demand in the country; and

(b) if so, what are the details thereof?